टायर फटने के बाद ट्रक से टकराया पिकअप, दो की मौत

शहडोल, देशबन्धु। जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र के बघेल ढाबा के पास सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हुए हैं। तेज रफ्तार पिकअप का टायर फटने से वह ट्रक से टकरा गई। पिकअप में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक, ट्रक चालक और परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना में पिकअप के परखच्चे उड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों शवों को बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार, बुढ़ार से शहडोल की ओर एक पिकअप आ रही थी, जिसमें मुर्गियां लोड थीं। इस दौरान शहडोल-बुढ़ार हाईवे पर बघेल ढाबा के पास तेज रफ्तार पिकअप का टायर फट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया और शहडोल से बुढ़ार की ओर जा रहे ट्रक से टकरा गया। पिकअप में सवार दो लोगों की मौके पर मौत हो गई।

तीन गंभीर रूप से घायल

पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस ने बताया कि पिकअप के टकराने से ट्रक भी क्षतिग्रस्त हुआ, जिससे चालक और परिचालक को गंभीर चोटें आई हैं।

मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि पिकअप का टायर फटने के कारण यह हादसा हुआ। घटना में पिकअप चालक, ट्रक चालक और परिचालक बुरी तरह से जख्मी हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पिकअप में सवार दो युवकों की मौत हो गई। शवों को निकालने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने दोनों शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया।

भागते तस्करों के तीन वाहन जब्त, 18 पशु मुक्त

शहडोल, देशबन्धु। जिले में पुलिस का काम वन विभाग कर रहा है। थाने के सामने से पशु से भरे वाहन आए दिन निकलते हैं। लेकिन इसकी जानकारी पुलिस को नहीं थी। वन विभाग ने कार्रवाई की तो उनकी जान पर बन आई। एक साथ पांच पिकअप वाहनों से हो रही पशु तस्करी को रोकने के प्रयास करते रेंजर के वाहन को ठोकने के बाद पिकअप ने बीटगार्ड की बाइक को घसीटकर खेतों तक ले गए। कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग के अधिकारियों ने तीन वाहन पकड़ लिए।

बीटगार्ड की बाइक को ठोंकते हुए एक वाहन लेकर चालक फरार, दो अन्य चालक भी मौके का फायदा उठा कर गायब

वन संरक्षक अजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन और डीएफओ श्रद्धा पन्द्रे के मार्गदर्शन में लकड़ी के अवैध परिवहन को पकड़ने वन परिक्षेत्राधिकारी जैतपुर द्वारा स्टॉफ की दो टीम बनाकर गश्ती कराई जा रही थी।

इसी दौरान रात्रि एक बजे कई पिकअप वाहन खाम्हीडोल की तरफ से आते दिखे। उन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो एक वाहन चालक ने रेंजर की गाड़ी पर ठोकर मारकर सभी वाहन भाग निकले।

सूचना पर दूसरी टीम द्वारा भठिया में सभी वाहनों को रोकने का प्रयास किया गया, किन्तु मुड़कर वापस भागने लगे। पीछाकर तीन वाहनों को पकड़ लिया गया। दो वाहन चालक मौके से वाहन छोड़कर फरार हो गए।

एक वाहन चालक द्वारा सड़क किनारे खड़ी बीटगार्ड की मोटर साइकिल को ठोकर मारते हुए खेत तक घसीटा गया एवं वाहन लेकर भाग गया। अन्य दो वाहन चालक भी फरार हो गए। पकड़े गये वाहनों में 18 पशु लोड पाए गए।

वाहनों को जब्त कर पुलिस को सूचना दी गई एवं वाहन को पुलिस के सुपुर्द किया गया। कार्रवाई में जैतपुर रेंजर राहुल सिकरवार, परिक्षेत्र सहायक विनोद कुमार सोनी, हीरामणि वर्मा, बीटगार्ड मेलाराम बैगा, प्रकाश टांडिया, संजय यादव एवं अन्य की सराहनीय भूमिका रही।

सूत्रों की माने तो जैतपुर, झींकबिजुरी पशु तस्करी का प्रमुख अड्डा बना हुआ है। थाना के सामने से पशु तस्करी के वाहन बेखौफ होकर निकलते हैं, पुलिस की मिलीभगत का नतीजा है कि बड़ी कार्रवाई नहीं होती। बीती रात बड़े पैमाने पर हो रही तस्करी को वन विभाग ने नाकाम किया और स्थानीय पुलिस को भनक तक नहीं लगी। वन विभाग ने पुलिस के सुपुर्द किया इसके बाद प्रकरण दर्ज किया गया।

सार-समाचार

24 घंटे एक ही जगह खड़ी रहती है जननी 108

ब्यौहारी, देशबन्धु। ब्यौहारी ब्लॉक के अन्तर्गत जय अंबे इमरजेंसी की दिन प्रतिदिन खुल रही है पर इस गाड़ी को 24 घंटा अपने दुकान पर पायलट द्वारा खड़ा किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह गाड़ी नंबर सीजी 04 ठ्ठ2 ।2353 उमरिया जिला की बताई जा रही है जहां एक और मरीज को समय पर 108 इमरजेंसी एवं 108 जननी नहीं मिल पा रही है।

दूसरी ओर देखा जाए तो डीएम साहब एवं इस गाड़ी के पायलट की मिली भगत से 24 घंटा गाड़ी अपने दुकान पर लगाकर पायलट साहब अपनी दुकान का सामान बेच रहे हैं अपना दुकान का सामान बेच रहे हैं तो इमरजेंसी गाड़ी अपनी दुकान के सामने क्यों खरीद किए हैं यह तो डीएम साहब ही बता पाएंगे या फिर यह पायलट द्वारा डीएम साहब को महीना में कुछ ना कुछ लेट देता होगा इसलिए एटीएम साहब ऐसे पायलटो के ऊपर मेहरबान हैं पत्र के माध्यम से नगर एवं जिला वासियों ने कलेक्टर साहब एवं सीएमएचओ से मांग कर रहे हैं कि ऐसे पायलट एवं घुस को डीएम को सख्त से सा खत कार्यवाही की जाए और ऐसे इमरजेंसी गाड़ियों को शो पीस बनाकर ना खड़ा किया जाए यह गाड़ी जनता को सुविधा देने के लिए आई है ना की ऐसी दम और पायलट के लिए दुकान के सामने खड़े करने के लिए जय अंबे इमरजेंसी कंपनी द्वारा पैसे एम्पलाई एवं डीएम को कंपनी से बाहर क्यों नहीं करती हैं क्या ऐसे डीएम और पायलट जय अंबे को भी कमीशन दे रहे हैं यह तो समय ही बताएगा यदि नहीं तो जय अंबे कंपनी ऐसे स्टाफ को तत्काल बाहर करें ताकि भोली भाली जनता को ऐसे इमरजेंसी गाड़ियों का लाभ समय पर मिल सके समय पर उनका उपचार हो सके और किसी बेचारे का हितग्राही की जान बच सके।

गेहूं उपार्जन के लिए प्रशिक्षण शुक्रवार को

पन्ना,देशबन्धु। रबी उपार्जन वर्ष 2025-26 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं तथा गुणवत्ता परीक्षण के लिए शुक्रवार, 21 मार्च को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों से प्रशिक्षण के दौरान उपार्जन संबंधी सम्पूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

किचनशेड के रहते, घर से बना कर लाया भोजन बच्चों तक पहुंचते हो जाता है ठंडा

लालबर्रा, देशबन्धु। काफी समय से आंगनबाड़ी केन्द्र बिठली में बच्चों को ठंडा भोजन मिलने की शिकायतें आ रही थी। शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए ग्राम पंचायत आवल्याकन्हार की सरपंच श्रीमती प्रेमलता बिसेन, उपसरपंच अंजीरा पाटिल एवं अन्य पंचगण तथा ग्राम पंचायत सचिव जब बुधवार को आंगनबाड़ी केन्द्र बिठली के निरीक्षण पर पहुंचे तो उन्हें वहां अलग ही नजारा दिखाई दिया। केन्द्र के दस्तावेज के अनुसार यहां पर नन्हे-मुन्नों की दर्ज संख्या 30 है परन्तु मौके पर उपस्थित बच्चों की संख्या महज 9 पाई गई। सरपंच जब आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंची उस समय वहां पर दलिया वितरण कार्यक्रम चल रहा था, दोपहर के 1.30 बज चुके थे परन्तु बच्चों को अब तक भोजन नहीं कराया गया था, हालांकि वहां पर भोजन के नाम पर आलू-भटे की सब्जी, दाल एवं रोटी तैयार थी। जानकारी लेने पर पता चला कि यह भोजन आंगनबाड़ी केन्द्र के किचनशेड में नहीं बनाया जाता है अपितु इसे स्वसहायता समूह की अध्यक्ष के घर से सुबह ही बनाकर लाया जाता है। स्वसहायता अध्यक्ष का घर बिठली से लगभग 3 किमी दूर आवल्याकन्हार में है। उसके काफी समय पश्चात् दोपहर में इसे बच्चों को परोसा जाता है और यह क्रम एक-दो माह नहीं अपितु पिछले दो वर्षों से बदस्तूर चला आ रहा है। नियमानुसार आंगनबाड़ी में किचनशेड आदि की व्यवस्था रहने पर अनुबंधित स्वसहायता समूह को वहीं पर प्रतिदिन के मेनु अनुसार सुपाच्य, और स्वादिष्ट भोजन तैयार करना होता है और तत्पश्चात् बच्चों को परोसना होता है परन्तु यहां तो भोजन घर से बनाकर लाने के पश्चात् आंगनबाड़ी में घंटों रखा जाकर तब बच्चों को परोसा जाता है नतीजतन तब तक बच्चों का यह भोजन पूरी तरह ठंडा और बेजायका हो चुका होता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने पंचायत प्रतिनिधियों को बताया कि घर से भोजन तैयार करके यहां लाने का यह क्रम लगभग दो वर्षो से चल रहा है।

मार्च तक बहुत काम है, बाद में देखूंगी : माधुरी जैन

बच्चों को सुपाच्य और गर्मागर्म भोजन ना मिलते देख ग्राम सरपंच बिसेन ने संबंधित क्षेत्र की महिला एवं बाल विकास पर्यवेक्षक माधुरी जैन को फोन करके तदनुसार जानकारी दी और स्वसहायता समूहों की कार्यप्रणाली में सुधार करने हेतु कहा जिस पर पर्यवेक्षक का जवाब सकारात्मक की बजाए नकारात्मक ही रहा। उन्होंने कहा कि स्वसहायता समूहों पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं है कि हम उन्हें आंगनबाड़ी में ही खाना बनाने को कहे, वे अपने घर से भी भोजन बनाकर आंगनबाड़ी ला सकती है, उन्हें शासन से इस हेतु परिवहन भत्ता भी मिलता है। अब भोजन ठंडा रहता है अथवा गर्म इसकी जानकारी मैं नहीं बता सकती।

शादी का झांसा देकर जंगल में किया दुष्कर्म

उमरिया, देशबन्धु। जिले के पाली थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक नाबालिग लड़की को सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती की भारी कीमत चुकानी पड़ी। इंस्टाग्राम पर मिले युवक ने पहले प्यार का नाटक किया, फिर शादी का झांसा देकर किशोरी को मिलने बुलाया और सुनसान जंगल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

आज के समय में सोशल मीडिया नए रिश्ते बनाने का एक आसान जरिया बन चुका है, लेकिन यह कई बार खतरनाक भी साबित होता है। इस घटना में भी पीड़िता की दोस्ती इंस्टाग्राम पर एक अजनबी युवक से हुई थी। दोनों के बीच लगातार बातचीत होती रही, जिससे उनका रिश्ता गहरा होता चला गया। युवक ने लड़की को अपने प्रेम जाल में फंसाकर शादी करने का वादा किया। वह उसे भरोसा दिलाता रहा कि वह उससे सच्चा प्यार करता है और जल्द ही शादी करेगा।

कुछ समय बाद आरोपी युवक हैदराबाद से पाली में लड़की से मिलने आया। उसने उसे किसी सुनसान जगह पर मिलने के लिए बुलाया और वहां से एक जंगल में ले गया। पीड़िता को अंदाजा भी नहीं था कि जिसे वह अपना सच्चा प्रेमी समझ रही थी, वही उसकी जिंदगी बर्बाद करने वाला था। युवक ने शादी का झांसा देकर जबरन उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब लड़की ने विरोध किया, तो उसने उसे डराया-धमकाया और किसी को बताने पर गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दी।

घटना के बाद नाबालिग लड़की अपनी सहेली के साथ घर से चली गई जहां दोनों नाबालिग लड़कियों को अकेले देखे जाने पर रेलवे पुलिस नागपुर ने इन्हें बाल सुरक्षा गृह में रखा गया जहां बयान में नाबालिग पूरी घटना बताई जहां रेलवे पुलिस ने जीरो में कायमी कर पाली थाना में देरी को भेज दिया।

पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है। इस संबंध में पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने बताया कि रेलवे पुलिस ने जीरो में कमी कर डायरी भेजा था, जिसे हम जांच कर अपराध कायम कर लिए हैं और आगे की कार्रवाई जारी है।

इस घटना से यह साफ है कि सोशल मीडिया पर किसी अजनबी पर जल्दी भरोसा करना खतरनाक हो सकता है। प्यार और शादी के झूठे वादों में फंसकर कई लड़कियां धोखे और अपराध का शिकार हो रही हैं। पाली थाना पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर सतर्क रहें और किसी अजनबी से मिलने या उस पर भरोसा करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल करें।

फिलहाल पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए लगातार दबिश दे रही है। मामले की गहराई से जांच की जा रही है, ताकि पीड़िता को जल्द से जल्द न्याय मिल सके। यह घटना समाज के लिए एक चेतावनी है कि सोशल मीडिया पर रिश्ते बनाते समय सतर्क रहें, किसी अजनबी पर जल्दी भरोसा न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत परिवार और पुलिस को दें।

साप्ताहिक बाजार जाने के लिए जान खतरे में डाल रहे लोग

शहडोल, देशबन्धु। जिले में खैरहा थाना क्षेत्र के छिरहटी गांव के समीप गोफ से ग्रामीण दहशत में हैं। इसी मार्ग से लोगों को साप्ताहिक बाजार जाना पड़ता है। मामले की जानकारी अधिकारियों को लोगों ने दी है। लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। यहां आठ फीट लंबाई का गोप बन गया है। इसी मार्ग से लोग आवाजाही कर रहे हैं, जिससे लोगों को जान को खतरा बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार, एसईसीएल (साउथ कोल फील्ड्स लिमिटेड) के सोहागपुर एरिया अंतर्गत राजेंद्रा अंडरग्राउंड खदान के कारण छिरहटी-खैरहा मार्ग पर छिरहटी गांव के समीप गोफ से ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणों ने बताया कि खैरहा गांव तक जाने के बनी पगडंडी में लगभग आठ फीट लंबाई का गोफ (मिट्टी दबने) से मार्ग पर आवाजाही करने वाले ग्रामीण भयभीत हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जिस स्थान पर गोफ दिखा है, उसके समीप साप्ताहिक बाजार भी लगता है ऐसे में कभी भी अचानक मिट्टी दबने से बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने इस बारे एसईसीएल सोहागपुर एरिया प्रबंधन उचित कार्रवाई की मांग की है। ब्लास्टिंग से मकानों में दरारें- छिरहटी, नौगवां के रहवासियों ने बताया कि अंडरग्राउंड खदान में हैवी ब्लास्टिंग के कारण मकान में दरारें पड़ गई हैं। ग्रामीण रात में सोते हैं तो कई बार ब्लास्टिंग के कारण भूकंप जैसा अहसास होता है।

भाजपा कार्यालय में गूंजी फाग, उड़े रंग

उमरिया, देशबन्धु। जिले में होली का उल्लास चरम पर रहा, जब भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया। मंगलवार को आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल और मिथिलेश पयासी सहित जिले के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर रंग और गुलाल से सराबोर कार्यकर्ताओं ने आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया।

समारोह की शुरुआत रंग-अबीर के साथ हुई, जहां कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलकर शुभकामनाएं दीं। भाजपा अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल और मिथिलेश पयासी ने पारंपरिक फाग गीतों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा माहौल संगीतमय और उल्लासमय हो गया। कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर नृत्य किया और हर्षोल्लास के साथ होली का आनंद लिया।

इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने कहा, होली का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह पर्व समाज में एकता, प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देता है। होलिका दहन हमें सिखाता है कि सत्य की सदा विजय होती है, जबकि रंगों की होली जीवन में खुशहाली और उत्साह का प्रतीक है। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें इस पर्व को मिलजुल कर प्रेमपूर्वक मनाना चाहिए और इसे सनातनी परंपरा के अनुसार आगे बढ़ाना चाहिए।

समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं के लिए विशेष शीतल दूध, मेवा और ठंडाई की व्यवस्था की गई थी, जिसका सभी ने आनंद लिया। रंगोत्सव के इस अवसर पर भाजपा नेता राजेंद्र तिवारी, महामंत्री दीपक छतवानी, पूर्व अध्यक्ष दिलीप पांडेय, मनीष सिंह, राकेश शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित सिंह, धनुषधारी सिंह, हरीश विश्वकर्मा, शकुंतला प्रधान सहित कई वरिष्ठ नेता और मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान हर कोई रंगों में सराबोर नजर आया, और सभी ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ होली का आनंद लिया। यह आयोजन केवल रंगों का नहीं था, बल्कि यह प्रेम, सौहार्द और आपसी मेलजोल का प्रतीक भी बना।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे इस पर्व की भावना को सदैव बनाए रखेंगे और समाज में प्रेम व एकता का संदेश फैलाएंगे। समारोह के अंत में सभी ने मिलकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में इसी तरह प्रेम और सौहार्द से त्योहार मनाने का संकल्प लिया।

कलेक्टर ने निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल का किया निरीक्षण

पन्ना,देशबन्धु। कलेक्टर सुरेश कुमार ने बुधवार को जिले के पवई, शाहनगर, गुनौर एवं ककरहटी पहुंचकर निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण किया और निर्माण एजेंसी पीडब्ल्यूडी भवन के अधिकारियों से निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने शासन की गाइडलाइन अनुरूप समस्त मूलभूत व्यवस्थाओं व सुविधाओं के संबंध में भी निर्देशित किया। इस दौरान परिसर का अवलोकन कर कार्यों की गुणवत्ता भी देखी तथा समयावधि में निर्माण कार्य पूर्ण कराने के लिए कहा। कलेक्टर श्री कुमार ने गुनौर में लोक निर्माण विभाग की सकरिया-डिघौरा सड़क का भी अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न स्थानों से अवैध अतिक्रमण हटाने के संबंध में भी जरूरी निर्देश दिए। संबंधित क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों की जानकारी लेकर कार्यों की सतत मॉनिटरिंग के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान संबंधित एसडीएम, तहसीलदार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

प्रारंभिक शिक्षा के लिए आंगनबाड़ी जरूरी : संभागायुक्त

पन्ना, देशबन्धु। आगामी 31 मार्च तक लक्ष्य पूरा न करने वाले अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कुपोषित बच्चों को पोषित करने के लिए पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती करवाया जाए। साथ ही प्रारंभिक शिक्षा के लिए आंगनवाडी केंद्रों को और सशक्त बनाएं।

उक्त निर्देश संभाग आयुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने गत दिवस सागर में महिला एवं बाल विकास विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर संयुक्त संचालक बी.एल. प्रजापति सहित समस्त जिलों के जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी भी मौजूद थे।

संभाग कमिश्नर डॉ. रावत ने कहा कि विभाग के द्वारा दिए गए लक्ष्य को 31 मार्च तक जो भी अधिकारी कर्मचारी पूरा नहीं करेगा, उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी और लक्ष्य से कम प्रगति होने पर बर्खास्तगी की कार्रवाई भी होगी। उन्होंने कहा कि सभी कुपोषित बच्चों को चिन्हित किया जाए एवं उनको तत्काल पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराकर पोषण युक्त

भोजन उपलब्ध कराएं और उनकी देखरेख करें। उन्होंने कहा कि आधार सत्यापित हितग्राहियों में फेस कैप्चर एवं ई-केवाईसी की स्थिति की जानकारी लेकर उनको पूरा कराएं। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वितरित होने वाला नाश्ता एवं भोजन को पोषण युक्त बनाएं एवं दोनों के वितरण के समय में समय का निर्धारण किया जाए। साथ ही नाश्ता एवं भोजन गर्म रहे, यह भी सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि जन्म से 5 वर्ष की आयु के बच्चों में कम वजन एवं दुबलापन दिखने वाले बच्चों को चिन्हित करें और उनका इलाज प्रारंभ करें। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत लंबित सभी प्रकरणों का निराकरण तत्काल किया जाए। इसी प्रकार जहां-जहां आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, उनका कार्य प्रारंभ करें और जहां स्थिति विवादग्रस्त है, इसकी सूचना तत्काल कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखित में दें। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी आंगनबाड़ी भवन जर्जर नहीं होना चाहिए और सभी आंगनबाड़ी भवन को छोटे-छोटे बच्चों की हिसाब से सुसज्जित किया जाए। संभाग कमिश्नर ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में मुनगा के पौधे लगाएं एवं पोषण वाटिका का निर्माण करें।

इसी के साथ रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण भी कराएं। उन्होंने निरंतर आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही केंद्र बंद पाए जाने या अनियमितताएं मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त आवंटन एवं व्यय तथा लाड़ली लक्ष्मी योजना की प्रगति एवं छात्रवृत्ति भुगतान की समीक्षा भी की। कमिश्नर ने संभागीय समीक्षा बैठक में 50 एवं अधिक समयावधि की सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस कल, कलेक्ट्रेट में होगा कार्यक्रम

पन्ना, देशबन्धु। शासन के निर्देशानुसार विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन इस वर्ष 15 मार्च के स्थान पर 21 मार्च को किया जाएगा। इस अवसर पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 2 बजे विश्व उपभोक्ता दिवस का कार्यक्रम होगा।

जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया ने विभागीय अधिकारियों से जिला स्तरीय कार्यक्रम में आम उपभोक्ताओं से संबंधित जानकारी के साथ उपस्थित रहने का आग्रह किया है। साथ ही उपभोक्ता संरक्षण क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों सहित जनप्रतिनिधियों, उपभोक्ता संगठन, अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकारगण तथा उपभोक्ताओं एवं व्यापारीगण से भी कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की है।

उमरिया में 22-23 को लगेगा कृषि विज्ञान मेला

उमरिया, देशबन्धु। उमरिया जिले में किसानों के लिए दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। कृषि उपज मंडी प्रांगण में 22 और 23 मार्च को कृषि विज्ञान मेला और किसान-वैज्ञानिक परिचर्चा होगी।